# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः छा०क०–175/25 दिनांक 18/12/2025

सेवा में,

1. सभी विभागाध्यक्ष,
   विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. सभी प्रधानाचार्य,
   (स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय),
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः–स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– (2025–27) के आगामी चरण में नामांकन के संबंध में।**

महाशय/महाशया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2025–27 के आगामी चरण में नामांकन हेतु मेधा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) विश्वविद्यालय के वेबसाईट से यूजर आई–डी एवं पासवर्ड (User I.D and password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि चयन सूची से ***दिनांकः– 19.12.2025 से 22.12.2025 तक*** अभ्यर्थियों का आवंटित विभाग/महाविद्यालय में आवश्यक प्रमाण–पत्र के जाँचोपरान्त नामांकन सुनिश्चित किया जाय।

नामांकन से संबंधित अन्य बातें ***पत्रांक– छा०क०– 126/25 दिनांक– 20.09.2025*** पत्र के अनुरूप यथावत् रहेंगी।

*नोटः–*

1. ***विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग एवं प्रधानाचार्य, स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय से अनुरोध है कि डैस–बोर्ड से छात्रों की चयन सूची डाउनलोड कर मिलान करते हुए अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे।***
2. ***विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभाग एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, नामांकित अभ्यर्थियों का Dash Board पर प्रतिदिन Update करेंगे। Update करने में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। नामांकित अभ्यर्थियों का विभाग/महाविद्यालय के डैस–बोर्ड पर Update दिनांक– 23.12.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कर लेंगे। अपडेशन में किसी प्रकार की कठिनाई हो तो दिनांक– 23.12.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के मेल– dsw@lnmu.ac.in पर अनिवार्य रूप से सूचित करेंगे, इसके उपरान्त अपडेशन संबंधी किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा। नामांकन का यह अंतिम चरण है।***



18/12/25

3. *राज्य सरकार के दिशा–निर्देश* के आलोक में सभी कोटि की महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं से नामांकन संबंधी शुल्क नहीं लिया जाना है।

*माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।*

विश्वासभाजन,

अशोक
18.12.25

<u>अध्यक्ष,छात्र–कल्याण</u>

18/12/25